रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

सत्यमेव जयते

Test Date	06/10/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 मार्च के महीने में, शनिवार और रविवार के अतिरिक्त, एक विक्रेता द्वारा कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 191 है। रविवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 160 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 187 है, तो शनिवारों को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री कितनी है?

Ans A). 196 B). 186 C). 191 D). 193

Correct Answer: C

Q.2 यदि k का 20%, 20 के 2400% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2350 B). 2390 C). 2310 D). 2330

Correct Answer: A

Q.3 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{3.6 \times 0.48 \times 2.50}{0.09 \times 0.24 \times 0.5}$$

Ans A). 4000 B). 40 C). 440 D). 400

Correct Answer: D

Q.4 एक नाव को धारा के विपरीत दिशा में एक निश्चित दूरी तय करने में 12 घंटे 36 मिनट का समय लगता है, जबकि धारा की दिशा में समान दूरी तय करने में उसे 4 घंटे 12 मिनट का समय लगता है। क्रमशः स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 7 : 3 B). 5 : 2 C). 3 : 1 D). 2 : 1

Correct Answer: D

Q.5 $\frac{x^4+x^2+1}{x^2+x+1}$ को सरल कीजिए।

Ans A). x^2-x-1 B). x^2-x+1 C). -x^2-x+1 D). x^2+x-1

Correct Answer: B

Q.6 ₹2,70,000 की राशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से चक्रवृद्धि ब्याज ₹70,122.24 है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। अवधि (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 B). 3 C). 4 D). 5

Correct Answer: B

Q.7 तीन संख्याओं a, b और c का चतुर्थानुपाती 84 है। a और b का अनुपात 5 : 6 है तथा b और c का अनुपात 3 : 5 है। a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 30 B). 35 C). 45 D). 40

Correct Answer: B

Q.8 अंकित, बृजेश और चारू को ₹2209 में एक कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है। अंकित और बृजेश मिलकर कार्य का $\frac{31}{47}$ भाग पूरा करते हैं तथा बृजेश और चारू मिलकर कार्य का $\frac{21}{47}$ भाग पूरा करते हैं। अंकित को कितनी धनराशि का भुगतान किया जाना चाहिए?

Ans A). ₹1316 B). ₹282 C). ₹1692 D). ₹1222

Correct Answer: D

Q.9 एक व्यक्ति, ₹58000 की धनराशि को 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश करता है। 2 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 64960 B). 6960 C). 7960 D). 65960

Correct Answer: A

Q.10 आनंद ₹600 में एक वस्तु खरीदता है और उसे चरण को 25% लाभ पर बेचता है। फिर चरण उसे राकेश को बेचता है, और आनंद को भुगतान की गई राशि पर 20% लाभ अर्जित करता है। राकेश, चरण को कितनी राशि का भुगतान करता है?

Ans A). ₹900 B). ₹800 C). ₹850 D). ₹910

Correct Answer: A

Q.11 2214 m की एक वृत्तीय रेस में, सुशांत 54 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है और वरुण 82 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे एक ही दिशा में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर कितने भिन्न मिलन बिंदु (meeting points) होंगे?

Ans A). 6 B). 18 C). 5 D). 14

Correct Answer: D

Q.12 एक समान दक्षता वाले 6 मजदूर का समूह किसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि उनमें से केवल 3 मजदूर मिलकर काम करें तो समान कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

Ans A). 27 दिन B). 18 दिन C). 12 दिन D). 15 दिन

Correct Answer: B

Q.13 अब से सात वर्ष पूर्व, अमन की आयु चमन की आयु की 5 गुना थी। अब से 7 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय चमन की आयु की 3 गुना होगी। अमन की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 78 B). 81 C). 79 D). 77

Correct Answer: D

Q.14 रोहन और मोहित की आयु का अनुपात 4 : 5 है। यदि मोहित, रोहन से 5 वर्ष बड़ा है, तो मोहित की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 25 वर्ष B). 30 वर्ष C). 20 वर्ष D). 24 वर्ष

Correct Answer: A

Q.15 यदि ₹5,000 की राशि को 8% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans A). ₹832 B). ₹924 C). ₹837 D). ₹780

Correct Answer: A

Q.16 एक "y खरीदें, (y − 3) मुफ्त पाएँ" योजना में, ग्राहकों को प्राप्त होने वाली प्रभावी छूट 40% है। y का मान क्या है?

Ans A). 10 B). 8 C). 9 D). 7

Correct Answer: C

Q.17 60 cm व्यास वाला एक बेलन बिना सर्पण के 7 चक्कर प्रति सेकंड की दर से लुढ़क रहा है। 15 सेकंड में यह बेलन कितनी दूरी तय करेगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans A). 105 m B). 180 m C). 63 m D). 198 m

Correct Answer: D

Q.18 एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 13 : 14 : 15 है और इसका परिमाप 84 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 336 cm^2 B). 342 cm^2 C). 312 cm^2 D). 330 cm^2

Correct Answer: A

Q.19 किसी व्यक्ति ने ₹900 में एक स्वेटर बेचा जिससे उसे 4% की हानि हुई। उसने ₹860 में एक ट्राउजर भी बेचा जिससे उसे 25% का लाभ हुआ। उसका नेट लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹129.50 B). ₹139.50 C). ₹134.50 D). ₹149.50

Correct Answer: C

Q.20 7 अंकों की संख्या A67856B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1 B). 0 C). 4 D). 3

Correct Answer: A

Q.21 माध्य , माध्यिका और बहुलक आनुभविक सम्बन्ध, बहुलक = 3 × माध्यिका − 2 × माध्य को संतुष्ट करते हैं। यदि माध्य में 5 की वृद्धि हो जाती है और माध्यिका अपरिवर्तित रहती है, तो नए बहुलक में_____।

Ans A). 10 की कमी होती है B). 10 की वृद्धि होती है C). 5 की कमी होती है D). 5 की वृद्धि होती है

Correct Answer: A

Q.22 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\sqrt{\frac{\sec^2\theta + \operatorname{cosec}^2\theta}{\tan^2\theta - \sin^2\theta}}$$

Ans A). $\tan^2\theta \sec\theta$ B). $\operatorname{cosec}^3\theta$ C). $\cot^2\theta \operatorname{cosec}\theta$ D). $\cos\theta \operatorname{cosec}^2\theta$

Correct Answer: B

Q.23 सम 96-भुज (regular 96-gon) के प्रत्येक आंतरिक कोण की माप कितनी होगी?

Ans A). 176.5° B). 176.75° C). 176.25° D). 176°

Correct Answer: C

Q.24 15, 20 और 25 का भारित माध्य ज्ञात कीजिए, जिनके भार क्रमशः 2, 3 और 5 हैं।

Ans A). 22 B). 22.5 C). 21.5 D). 21

Correct Answer: C

Q.25 $\triangle ABC$ में, $DE \| AC$ है, जहाँ D और E क्रमशः भुजा AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि $BD = 15\ cm$ और $AD = 4\ cm$ है, तो $\triangle BDE$ के क्षेत्रफल और समलंब $ADEC$ के क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?

Ans A). 137 : 226 B). 226 : 137 C). 225 : 136 D). 136 : 225

Correct Answer: C

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे कम है?

कथन:
I. G की लंबाई केवल एक खंभे की लंबाई से अधिक है। W की लंबाई, O की लंबाई से अधिक है।
II. G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है।

Ans A). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।

B). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: A

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). LOT B). TWB C). FIN D). MPT

Correct Answer: D

Q.28 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I Y @ J Y C * A # & K S P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). दो D). तीन

Correct Answer: A

Q.29 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). KQV B). QWB C). EKP D). MSZ

Correct Answer: D

Q.30 सात व्यक्ति L, M, N, O, P, Q और R उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। M और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q, R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। M और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, O के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। यदि पंक्ति के ठीक बीच में बैठा व्यक्ति, दाएं छोर पर बैठे व्यक्ति के साथ अपना स्थान बदल लेता है, तो अब दाएं छोर पर निम्नलिखित में से कौन बैठा है?

Ans A). O B). P C). N D). L

Correct Answer: B

Q.31 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से GJFC का संबंध YBXU से है। उसी तरीके से VYUR का संबंध NQMJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BEAX का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). TWSP B). TXRZ C). TVRP D). TWRP

Correct Answer: A

Q.32 करण, निशा का भाई है। निशा, राकेश का पुत्र है। राकेश, विक्रम का पिता है। विक्रम, पूजा की पत्नी है। करण का पूजा से क्या संबंध है?
(नाम, जेंडर रूप से तटस्थ हैं)

Ans A). पिता B). पत्नी का भाई C). भाई D). पत्नी का पिता

Correct Answer: B

Q.33 सात डिब्बे M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल Q को O के ऊपर रखा है। O और P के बीच केवल S रखा है। R के नीचे केवल M रखा है। N और M के बीच कितने डिब्बे रखे हैं?

Ans A). दो B). एक C). तीन D). चार

Correct Answer: B

Q.34 अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LNI MOJ NPK OQL ?

Ans A). PRM B). PSN C). PSM D). PRN

Correct Answer: A

Q.35 किसी निश्चित तर्क के अनुसार 21 का संबंध 64 से है। उसी तर्क के अनुसार, 24 का संबंध 73 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 34 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 92 B). 112 C). 123 D). 103

Correct Answer: D

Q.36 विकास, बिंदु A से चलना प्रारंभ करके उत्तर की ओर 11 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है, वह फिर दाएँ मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 4 km, पूर्व की ओर B). 4 km, पश्चिम की ओर C). 7 km, पश्चिम की ओर D). 7 km, पूर्व की ओर

Correct Answer: A

Q.37 यदि BURDENS शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). 2 B). 4 C). 1 D). 3

Correct Answer: C

Q.38 एक निश्चित कूट भाषा में, 'trust the process' को 'zb ac tm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'I trust you' को 'jk zb mb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'trust' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). tm B). jk C). mb D). zb

Correct Answer: D

Q.39 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

EFG−IJK
BCD−FGH

Ans A). JJJ−MNO B). JKL−NOP C). JJJ−NOP D). JKL−MOO

Correct Answer: B

Q.40 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
17 C 35 A 6 B 18 D 4 = ?

Ans A). 120 B). 117 C). 119 D). 118

Correct Answer: D

Q.41 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। B किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 3 पर नहीं रहता है। B और F जिन तलों पर रहते हैं उनका योगफल 7 है। C, E के ठीक नीचे रहता है। A सबसे ऊपरी तल पर रहता है। B और D के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans A). 2 B). 4 C). 1 D). 3

Correct Answer: D

Q.42 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1 8 17 28 41 ?

Ans A). 80 B). 120 C). 56 D). 52

Correct Answer: C

Q.43 यदि संख्या 6238571 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans A). 2 B). 0 C). 3 D). 1

Correct Answer: A

Q.44 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
279 B 52 A 468 C 624 D 438=?

Ans A). 323 B). 161 C). 232 D). 217

Correct Answer: D

Q.45 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) P E R G T F V N J I O K U Y H K Y T B H R D T V W (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: D

Q.46 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 स्तंभों, G, H, I, S और W में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा स्तंभ सबसे ऊंचा है?

(I) G केवल दो स्तंभों से ऊंचा है। H, W से ऊंचा है तथा किसी भी स्तंभ की ऊंचाई H और W के बीच नहीं है।
(II) S, W से ऊंचा है।

Ans A). कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन I या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
B). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
C). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
D). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Correct Answer: B

Q.47 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
5 16 22 33 39 50 56 ?

Ans A). 68 B). 64 C). 67 D). 62

Correct Answer: C

Q.48 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।
संख्या/प्रतीक % 6 1 + 8 $ ^ 3 = 5

कूट M P S V Y A D F I L
शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहला और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?
$ 3 1 ^ 5

Ans A). L F S D A B). L S S D A C). A F F D L D). A F S D L

Correct Answer: A

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'JOIN' को '4978' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'COIN' को '2879' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 9 B). 2 C). 8 D). 4

Correct Answer: B

Q.50 शब्द PLUMBER के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने स्वर हैं?

Ans A). 1 B). 0 C). 2 D). 3

Correct Answer: C

Section : **General Science**

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा, निलंबन का एक उदाहरण है?

Ans A). नींबू-जल (Lemonade) B). लवणजल (Saltwater) C). वायु (Air) D). पंकिल जल (Muddy water)

Correct Answer: D

Q.52 उद्योग में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और सोडियम हाइड्रॉक्साइड के बीच होने वाली अभिक्रिया क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans A). यह साधारण नमक और जल बनाने में सहायता करती है B). इसका उपयोग विद्युत् उत्पन्न करने के लिए किया जाता है C). इससे सीधे साबुन बनता है
D). अमोनिया विनिर्माण के लिए इसकी आवश्यकता होती है

Correct Answer: A

Q.53 किसी विलयन में, विलायक की निश्चित मात्रा में और विलेय मिलाने पर क्या होता है?

Ans A). अधिक विलेय मिलाने पर विलयन की सांद्रता बढ़ जाती है। B). अधिक विलेय मिलाने पर विलयन की सांद्रता कम हो जाती है।
C). विलेय मिलाने पर विलयन की सांद्रता अपरिवर्तित रहती है। D). अधिक विलेय मिलाने पर विलयन एक शुद्ध विलायक में परिवर्तित हो जाता है।

Correct Answer: A

Q.54 एक परिनालिका के अंदर समानांतर सीधी चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की उपस्थिति क्या इंगित करती है?

Ans A). चुंबकीय क्षेत्र परिनालिका के अंदर अलग-अलग बिंदुओं पर भिन्न होता है। B). परिनालिका के अंदर कोई चुंबकीय क्षेत्र नहीं होता है।
C). चुंबकीय क्षेत्र परिनालिका के सिरों के पास सबसे प्रबल होता है। D). चुंबकीय क्षेत्र परिनालिका में एकसमान होता है।

Correct Answer: D

Q.55 2 मिनट में 120 जूल ऊर्जा का उपयोग करने वाली लैंप, कितनी शक्ति प्रदान करेगी?

Ans A). 1 वाट B). 60 वाट C). 240 वाट D). 14400 वाट

Correct Answer: A

Q.56 एक नियत बल द्वारा किए गए कार्य की गणना करने के लिए निम्नलिखित में से किस राशि की आवश्यकता होती है?

Ans A). केवल तय की गई दूरी B). गति करने में लगा समय C). बल और विस्थापन का परिमाण D). केवल बल का परिमाण

Correct Answer: C

Q.57 एक रोगी स्वेच्छा से अपनी भुजा को हिलाने में असमर्थ है, लेकिन निद्रा के दौरान भुजा अब भी लयबद्ध संकुचन दर्शाती है। पेशीय ऊतक के संबंध में अपनी समझ के आधार पर, इस परिघटना में किन ऊतक प्रकारों के शामिल होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans A). चिकनी और हृदय पेशी दोनों बाधित हैं, लेकिन कंकाल पेशी सामान्य रूप से कार्य कर रही है
B). केवल चिकनी पेशी सामान्य रूप से कार्य कर रही है, लेकिन कंकाल और हृदय पेशी बाधित हैं C). कंकाल पेशी बाधित है, लेकिन चिकनी पेशी सामान्य रूप से कार्य कर रही है
D). सभी पेशी प्रकार सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं

Correct Answer: C

Q.58 रसायन विज्ञान की कौन-सी शाखा मुख्य रूप से कार्बन-युक्त यौगिकों के अध्ययन पर केंद्रित है और औषधियों तथा प्लास्टिक की संरचना को समझने के लिए आवश्यक है?

Ans A). भौतिक रसायन B). अकार्बनिक रसायन C). वैश्लेषिक रसायन D). कार्बनिक रसायन

Correct Answer: D

Q.59 बुझे चूने का निर्माण _____ का एक उदाहरण है।

Ans A). दोहरी अपघटन अभिक्रिया (double decomposition reaction) B). अपघटन अभिक्रिया (decomposition reaction)
C). विस्थापन अभिक्रिया (displacement reaction) D). संयोजन अभिक्रिया (combination reaction)

Correct Answer: D

Q.60 एक रेलगाड़ी नियत त्वरण से चलती है और इसका वेग-समय ग्राफ एक सीधी रेखा है। यदि यह ग्राफ बिंदुओं (0 s, 5 m/s) और (8 s, 21 m/s) से गुजरता है, तो 8 सेकंड में रेलगाड़ी का कुल विस्थापन कितना होगा?

Ans A). 168 m B). 128 m C). 104 m D). 112 m

Correct Answer: C

Q.61 एक वस्तु को उत्तल लेंस से 10 cm की दूरी पर रखा गया है। लेंस एक वास्तविक और आवर्धित प्रतिबिंब बनाता है जिसका आवर्धन -3 है। प्रतिबिंब की स्थिति क्या है?

Ans A). $-30.0\ \text{cm}$ B). $+5.0\ \text{cm}$ C). $-5.0\ \text{cm}$ D). $+30.0\ \text{cm}$

Correct Answer: D

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, आर्तव चक्र के दौरान निषेचन होने पर ऋतुस्राव नहीं होने के कारण को स्पष्ट करता है?

Ans A). निषेचन के बाद गर्भाशय सीधे अपरा में विकसित हो जाता है। B). विकसित होते भ्रूण को सहारा देने के लिए गर्भाशय के अस्तर को अक्षत रखा जाता है।
C). अंडाशय स्थायी रूप से अंडकोशिकाएं बनाना और मोचन करना बंद कर देता है। D). निषेचन के तुरंत बाद गर्भाशय का अस्तर गिर जाता है।

Correct Answer: B

Q.63 यदि पोटैशियम का परमाणु द्रव्यमान 39 u, नाइट्रोजन का 14 u और ऑक्सीजन का 16 u है, तो पोटैशियम नाइट्रेट (KNO_3) का सूत्र इकाई द्रव्यमान क्या है?

Ans A). 68 u B). 101 u C). 69 u D). 70 u

Correct Answer: B

Q.64 मनुष्यों में फेफड़ों से शरीर ऊतकों तक ऑक्सीजन का परिवहन कैसे होता है?

Ans A). रक्तप्रवाह में मुक्त गैस के बुलबुलों के रूप में B). रासायनिक रूप से कार्बन डाइऑक्साइड में रूपांतरित होकर C). पूरी तरह से रक्त प्लाज्मा में घुलित अवस्था में
D). लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन से परिबद्ध होकर

Correct Answer: D

Q.65 कौन-सा प्रक्रम, वरणात्मक रूप से पारगम्य झिल्ली के माध्यम से उच्च सांद्रता वाले क्षेत्र से निम्न सांद्रता की ओर जल के अणुओं के संचलन की व्याख्या करता है?

Ans A). परासरण B). सक्रिय परिवहन C). विसरण D). निस्यंदन

Correct Answer: A

Q.66 एक विद्यार्थी दो विभिन्न स्रोतों से दो अलग-अलग सांगीतिक स्वरों को प्रेक्षित करता है। स्वर X में, किसी निश्चित बिंदु से प्रति सेकंड गुजरने वाले संपीडनों की संख्या, स्वर Y की तुलना में अधिक है, परंतु दोनों की प्रबलता समान है। ध्वनि के अभिलक्षणों के आधार पर, स्वर Y की तुलना में स्वर X के बारे में क्या निष्कर्ष प्राप्त किया जा सकता है?

Ans A). स्वर Y की तुलना में, स्वर X वायु में तीव्र गमन करता है। B). स्वर Y की तुलना में, स्वर X की आवृत्ति अधिक है परंतु आयाम समान है।
C). स्वर Y की तुलना में, स्वर X का आयाम अधिक है परंतु आवृत्ति समान है। D). स्वर Y की तुलना में, स्वर X की आवृत्ति कम है परंतु आयाम अधिक है।

Correct Answer: B

Q.67 श्वेत प्रकाश की किरणपुंज एक कांच के प्रिज्म से होकर गुजरती है और स्क्रीन पर एक स्पेक्ट्रम बनाती है। यदि आप पहले प्रिज्म के बाद एक दूसरा समरूप प्रिज्म, पहले प्रिज्म के सापेक्ष उल्टा रखते हैं, तो स्पेक्ट्रम कैसा होगा?

Ans A). स्पेक्ट्रम पुनः संयोजित होकर श्वेत प्रकाश में परिवर्तित हो जाएगा B). दो पृथक स्पेक्ट्रा बनेंगे C). स्पेक्ट्रम आगे और अधिक प्रसरित हो जाएगा D). रंग पृथक रहेंगे परंतु उल्टे क्रम में

Correct Answer: A

Q.68 एक विद्यार्थी तीन अलग-अलग विलयनों P, Q और R में फ़ीनॉलफथेलिन (phenolphthalein) और मेथिल ओरेन्ज (methyl orange) को अलग-अलग मिलाता है। सही प्रेक्षण का चयन कीजिए।

विलयन	फ़ीनॉलफथेलिन	मेथिल ओरेन्ज
P	रंगहीन	लाल
Q	गुलाबी	पीला
R	रंगहीन	नारंगी

Ans A). P – अम्लीय, Q – क्षारकीय, R – उदासीन B). P – उदासीन, Q – अम्लीय, R – क्षारकीय C). P – क्षारकीय, Q – अम्लीय, R – उदासीन D). P – अम्लीय, Q – उदासीन, R – क्षारकीय

Correct Answer: A

Q.69 यदि वायु में प्रकाश की चाल c है तथा किसी माध्यम में प्रकाश की चाल v है, तो उस माध्यम का अपवर्तनांक n_m किस प्रकार परिभाषित किया जाता है?

Ans A). $n_m = c/v$ B). $n_m = c \times v$ C). $n_m = c - v$ D). $n_m = v/c$

Correct Answer: A

Q.70 एक छात्र वास्तविक बिंब के लिए लेंस सूत्र का उपयोग करते समय बिंब की दूरी की गणना त्रुटिपूर्ण रूप से धनात्मक करता है। चिह्न परिपाटी के आधार पर, इस गणना में वैचारिक त्रुटि (conceptual error) क्या है?

Ans A). बिंब-दूरी का चिन्ह बिंब की ऊंचाई पर निर्भर करता है। B). वास्तविक बिंब के लिए बिंब-दूरी हमेशा धनात्मक होनी चाहिए। C). वास्तविक बिंब के लिए बिंब-दूरी ऋणात्मक होनी चाहिए, क्योंकि यह लेंस के बाईं ओर स्थित होता है। D). बिंब-दूरी का चिन्ह फोकस दूरी पर निर्भर करता है।

Correct Answer: C

Q.71 जब कोई गेंद किसी पहाड़ी से नीचे लुढ़कती है और विरामावस्था में आ जाती है, तो गेंद-पृथ्वी निकाय की कुल ऊर्जा कैसे संरक्षित रहती है?

Ans A). संपूर्ण ऊर्जा, गतिज ऊर्जा के रूप में बनी रहती है B). गेंद के रुकने पर कुल ऊर्जा नष्ट हो जाती है C). प्रारंभिक स्थितिज ऊर्जा, ऊष्मा और ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है D). संपूर्ण ऊर्जा, स्थितिज ऊर्जा के रूप में बनी रहती है

Correct Answer: C

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, जिम्नोस्पर्म को ठंडे और सूखे क्षेत्रों में जीवित रहने में सहायता करती है?

Ans A). उनमें सुई-जैसी या शल्क-जैसी पत्तियां होती हैं जो जल की हानि को कम करती हैं। B). उनमें बड़ी, चौड़ी पत्तियां होती हैं जो जल की हानि में वृद्धि करती हैं C). वे केवल जलीय पर्यावासों में प्रजनन करते हैं। D). ये कीटों को आकर्षित करने के लिए चमकीले, रंगीन पुष्प उत्पन्न करते हैं।

Correct Answer: A

Q.73 किसी घर में एक इलेक्ट्रिक आयरन, रेफ्रिजरेटर और एक LED टेलीविजन का एक-साथ उपयोग किया जाता है। विद्युत परिपथ का अतिभारण किए बिना उनके सुरक्षित प्रचालन को सुनिश्चित करने के लिए किस मुख्य कारक पर विचार किया जाना चाहिए?

Ans A). उपकरणों को चालू (switch on) करने के अनुक्रम को नियंत्रित किया जाना चाहिए। B). प्रत्येक अतिरिक्त उपकरण के लिए संयोजक तार की मोटाई बढ़ाई जानी चाहिए। C). सभी उपकरणों द्वारा कर्षित की जाने वाली कुल विद्युत धारा का मान परिपथ की निर्धारित क्षमता (rated capacity) से अधिक नहीं होना चाहिए। D). प्रत्येक उपकरण को आपूर्ति की जाने वाली वोल्टता एकसमान होनी चाहिए।

Correct Answer: C

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा, वृषणकोश के कार्य का वर्णन करता है जिसमें वृषण स्थित होते हैं?

Ans A). शुक्राणु उत्पादन के लिए वृषण को शीतित रखना B). स्खलन से पहले शुक्र (semen) का भंडारण करना C). शुक्राणु को कम दूरी तय करने की सुविधा प्रदान करना D). टेस्टोस्टेरोन (testosterone) हार्मोन का उत्पादन करना

Correct Answer: A

Q.75 यदि किसी अणु में एक केंद्रीय परमाणु चार अन्य परमाणुओं से बद्ध हो और सभी आबंध एकल सहसंयोजी हों, तो इस अणु का सबसे संभावित आकार क्या है?

Ans A). अणु का आकार रैखिक होता है B). अणु का आकार त्रिकोणीय पिरामिडी होता है C). अणु का आकार त्रिकोणीय समतलीय होता है D). अणु का आकार चतुष्फलकीय होता है

Correct Answer: D

Q.76 एक नेत्र लेंस एक दूरवर्ती वस्तु के लिए रेटिना के पीछे 2 cm की दूरी पर एक वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब बनाता है। नेत्र की संरचना में कौन-सी त्रुटि इस स्थिति का कारण बन सकती है?

Ans A). रेटिना का मोटा होना B). नेत्रगोलक का सामान्य से छोटा होना C). लेंस का सामान्य से अधिक वक्रित होना D). नेत्रगोलक का सामान्य से अधिक लंबा होना

Correct Answer: B

Q.77 एक विद्यार्थी को चार प्रतिदर्श पंकिल जल, वायु, दुग्ध और जल में विलीन लवण दिए जाते हैं। उसे विषमांगी मिश्रण को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करने वाले एक प्रतिदर्श का चयन करना है। विद्यार्थी को किस प्रतिदर्श का चयन करना चाहिए?

Ans A). दुग्ध B). वायु C). लवण जल D). पंकिल जल

Correct Answer: D

Q.78 रसायन विज्ञान की कौन-सी शाखा प्राथमिक रूप से कार्बन युक्त यौगिकों के अध्ययन पर केंद्रित है?

Ans A). कार्बनिक रसायन B). अकार्बनिक रसायन C). वैश्लेषिक रसायन D). भौतिक रसायन

Correct Answer: A

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा, जाइलम ऊतक का एक भाग नहीं है?

Ans A). वाहिकाएं (Vessels) B). चालनी नलिका (Sieve tube) C). जाइलम तंतु (Xylem fibres) D). वाहिनिकाएं (Tracheids)

Correct Answer: B

Q.80 कवक की वृद्धि के लिए कौन-सी परिस्थिति सबसे अनुकूल है?

Ans A). तीव्र सूर्य के प्रकाश के साथ ठंडा और सूखा पर्यावरण B). बहुत कम आर्द्रता के साथ गर्म मरुस्थलीय परिस्थितियां C). प्रचुरता में कार्बनिक पदार्थों के साथ गर्म और आर्द्र पर्यावरण D). संपूर्ण वर्ष जमी हुई मृदा के साथ अत्यधिक ठंडा पर्यावरण

Correct Answer: C

Q.81 कौन-सा समीकरण, ऑक्सीश्वसन को सही ढंग से निरूपित करता है?

Ans A). ग्लूकोस + CO_2 → O_2 + H_2O + ऊर्जा B). ग्लूकोस + O_2 → CO_2 + H_2O + ऊर्जा C). ग्लूकोस→ ऐल्कोहॉल + CO_2 + ऊर्जा D). ग्लूकोस → लैक्टिक अम्ल + ऊर्जा

Correct Answer: B

Q.82 कौन-सी मानवीय गतिविधि, बड़े शहरों में भूमि स्तर पर धूमकुहा (smog) के निर्माण के जोखिम को सबसे अधिक बढ़ाती है?

Ans A). घरेलू कचरे का नियमित रूप से पुनर्चक्रण करना B). सड़कों के किनारे अधिक पेड़ लगाना C). छतों पर सोलर पैनल लगाना D). गैसोलीन से चलने वाले वाहन चलाना

Correct Answer: D

Q.83 तीव्र व्यायाम के दौरान पेशियों में ऐंठन _____ के संचय के कारण होती है।

Ans A). लैक्टिक अम्ल B). ऑक्सीजन C). कार्बन डाइऑक्साइड D). एथेनॉल

Correct Answer: A

Q.84 3 Ω और X Ω के दो प्रतिरोधक इस प्रकार समांतरक्रम में संयोजित हैं कि प्रभावी प्रतिरोध 2 Ω है। X का मान (Ω में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1/3 B). 6 C). 1/6 D). 3

Correct Answer: B

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, शरीर की कोशिकाओं में पाए जाने वाले गुणसूत्रों की आधी संख्या वाले युग्मक उत्पन्न करने के लिए उत्तरदायी है?

Ans A). निषेचन B). विभेदन C). अर्धसूत्री विभाजन D). समसूत्रण

Correct Answer: C

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, धातु और अधातु की अभिक्रिया से बनने वाले आबंध के प्रकार का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). आयनिक आबंध B). धात्विक आबंध C). हाइड्रोजन आबंध D). सहसंयोजक आबंध

Correct Answer: A

Q.87 जब किसी धारावाही वृत्ताकार कुंडली के पाश के निकट एक कम्पास रखा जाता है, तो कम्पास की सुई का संरेखण, कुंडली द्वारा उत्पन्न क्षेत्र रेखाओं के संबंध में क्या दर्शाता है?

Ans A). कम्पास की सुई उस बिंदु पर वृत्ताकार क्षेत्र रेखाओं के स्पर्शरेखीय रूप से संरेखित हो जाती है, जो चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इंगित करता है।

B). कम्पास की सुई बिना किसी निश्चित दिशा के यादृच्छिक रूप से हिलती है, जो क्षेत्र रेखाओं के उच्चावचन को दर्शाता है।

C). कम्पास की सुई क्षेत्र रेखाओं के समकोण पर संरेखित हो जाती है, जो चुंबकीय क्षेत्र की लंबवत प्रकृति को इंगित करता है।

D). कम्पास की सुई सदैव प्रत्यक्ष रूप से कुंडली के केंद्र की ओर निर्देशित होती है, जो क्षेत्र की अंतर्मुखी दिशा को दर्शाता है।

Correct Answer: A

Q.88 निम्नलिखित में से किस अणु में केवल एक तत्व के परमाणु सम्मिलित हैं?

Ans A). NH_3 B). CO_2 C). HCl D). N_2

Correct Answer: D

Q.89 प्रोटॉन पर कौन-सा आवेश होता है?

Ans A). कोई आवेश नहीं B). ऋणात्मक C). उदासीन D). धनात्मक

Correct Answer: D

Q.90 पृथ्वी की गोलाकार आकृति, सौर ऊर्जा के वितरण को किस प्रकार प्रभावित करती है?

Ans A). इसके कारण अन्य अक्षांशों की तुलना में ध्रुवों पर अधिक सूर्य का प्रकाश पड़ता है B). इसके परिणामस्वरूप वर्ष भर सभी अक्षांशों पर दिन की अवधि एकसमान रहती है

C). विभिन्न अक्षांशों पर सौर ऊर्जा का असमान विस्तार D). सौर ऊर्जा के समान विस्तार से सभी क्षेत्र समान रूप से गर्म रहते हैं

Correct Answer: C

Section : **General Awareness**

Q.91 वर्ष 2025 के उत्तरार्ध के समाचार के अनुसार, ₹1 प्रति पैड की दर से ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने वाली किस सरकारी पहल ने दिसंबर 2025 तक कुल ₹96.30 करोड़ की बिक्री की?

Ans A). राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) के माध्यम से सुविधा नैपकिन
B). बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) के माध्यम से सुविधा नैपकिन
C). प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के माध्यम से सुविधा नैपकिन
D). मासिक धर्म स्वच्छता योजना (MH) के माध्यम से सुविधा नैपकिन

Correct Answer: C

Q.92 फरवरी 2026 में, मणिपुर के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?

Ans A). युमनाम खेमचंद सिंह (Yumnam Khemchand Singh) B). एन. बिरेन सिंह (N. Biren Singh) C). कोंथौजम गोविंदास सिंह (Konthoujam Govindas Singh) D). नेमचा किपगेन (Nemcha Kipgen)

Correct Answer: A

Q.93 नवंबर 2025 में जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के आंकड़ों के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर (UR) कितनी थी?

Ans A). 3.5% B). 4.7% C). 5.2% D). 6.0%

Correct Answer: B

Q.94 जुलाई 2026 में, "मानस और महाभारत" अंतर्राष्ट्रीय सभ्यता अध्ययन केंद्र (International Center for Civilizational Studies "Manas and Mahabharata") के आधिकारिक उद्घाटन तथा "मानस" के सर्वप्रथम हिंदी अनुवाद के लोकार्पण ने भारत और किस देश के बीच सांस्कृतिक सहयोग में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की?

Ans A). कजाकिस्तान (Kazakhstan) B). किर्गिजस्तान (Kyrgyzstan) C). जॉर्जिया (Georgia) D). अर्मेनिया (Armenia)

Correct Answer: B

Q.95 निम्नलिखित में से किसने, अप्रैल 2026 में बैंकॉक में वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज (World Archery Para Series) प्रतियोगिता के कंपाउंड महिला फाइनल में, शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता?

Ans A). हरविंदर कौर B). पूजा जात्यान C). पायल नाग D). भावना शर्मा

Correct Answer: C

Q.96 जुलाई 2026 में, किस आधार वर्ष के साथ सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP) का परीक्षण संस्करण लॉन्च किया गया था?

Ans A). 2023–24 B). 2022–23 C). 2024–25 D). 2021–22

Correct Answer: C

Q.97 अगस्त 2026 की अपनी बैठक में, मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत नीतिगत रेपो दर को कितने प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया?

Ans A). 7.26% B). 2.12% C). 9.88% D). 5.25%

Correct Answer: D

Q.98 जून 2026 में जारी, वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनंतिम अनुमानों (PE) और वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (Q4, जनवरी-मार्च) के लिए GDP के त्रैमासिक अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वास्तविक GDP की अनुमानित वृद्धि दर कितनी थी?

Ans A). 7.1% B). 7.4% C). 7.7% D). 6.9%

Correct Answer: C

Q.99 मार्च 2026 में प्रस्तुत किया गया, कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026, किन दो अधिनियमों में संशोधन करने का प्रयास करता है?

Ans A). कंपनी अधिनियम, 2013, और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956
B). कंपनी अधिनियम, 2013, और दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016
C). सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008, और प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002
D). कंपनी अधिनियम, 2013, और सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008

Correct Answer: D

Q.100 फरवरी 2026 की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में, RBI ने रेपो दर को अपरिवर्तित रखते हुए अपने किस नीतिगत रुख को प्रतिधारित रखा, जबकि एक सदस्य ने अधिक उदार दृष्टिकोण के पक्ष में असहमति व्यक्त की थी?

Ans A). समायोजनकारी (Accommodative) B). तटस्थ (Neutral) C). सुविचारित कठोरता (Calibrated Tightening) D). प्रतिबंधात्मक (Restrictive)

Correct Answer: B

"